प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 05.10.2023 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. देवरिया हत्याकांड में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एसडीएम और सीओ समेत 15 को किया निलम्बित।
2. वाराणसी की जिला अदालत ने एएसआई को ज्ञानवापी परिसर में सर्वे के लिये दिया चार हफ्ते का अतिरिक्त समय।
3. उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने बरेली के रुहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज में बने कैंसर विभाग का किया उद्घाटन : कहा– प्रदेश में ड्यूटी से नादारद 27 सौ चिकित्सकों को जारी किया गया है नोटिस।

और

4. एशियाई खेलों में भारत ने आज जीते तीन स्वर्ण एक रजत और एक कांस्य पदक : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पदक विजेताओं को दी बधाइ।

——————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देवरिया प्रकरण में लापरवाह राजस्वकर्मियों और पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर उपजिलाधिकारी, एक क्षेत्राधिकारी, दो तहसीलदार, तीन लेखपाल, एक हेड कांस्टेबल, चार कांस्टेबल , दो हल्का

चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में आज भारत ने अब तक तीन गोल्ड मेडल जीत लिये हैं। तीरंदाजी की महिला कंपाउंड स्पर्धा में ज्योति सुरेखा, परनीत और अदिति की तिकड़ी ने चीन की टीम को हराकर स्वर्ण पदक हासिल किया है। स्क्वैश के मिक्स्ड डबल्स में दीपिका और हरिंदर पाल ने गोल्ड मेडल जीता है। तीरंदाजी की कम्पाउंड टीम के ओजस, अभिषेक और प्रथमेष ने कोरिया की टीम को हराकर भारत को दिन का तीसरा गोल्ड मडल दिलाया। स्क्वैश पुरूष सिंगल में सौरभ घोषाल ने सिलवर मेडल हासिल किया है। 53 किलोभार वर्ग में पहलवान अंतिम पंघाल ने कांस्य पदक अपने नाम किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को बधाई दी है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि टीम के असाधारण कौशल और दृढ़ संकल्प ने भारत को गौरवान्वित किया है। एशियाई खेलों में भारत 21 स्वर्ण, 32 रजत और 33 कांस्य सहित कुल 86 पदक जीतकर चौथे स्थान पर है। यह एशियाई खेलों में भारत का अब तक का सबसे बेहतरीन प्रदर्शन है।

————————————

आज से आईसीसी क्रिकेट विश्व कप की शुरुआत हो गई है। विश्वकप का पहला मुकाबला अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में न्यूजीलैंड और इंग्लैंड के बीच खेला जा

